तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 14 जनवरी 2024

11 करियर कार्यशाला छात्रों के लिए बनी पथ प्रदर्शक



10 ब्लड जांच कर रोकी जा सकती है सिकलसेल की बीमारी




## खबर संक्षेप

### 22 तक होगा मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना और सुधार कार्य

**भटगांव।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कलेक्टर केएल चौहान ने नागरिकों से अपील की है कि



विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण है, वे अपना मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। इसके साथ ही साथ मतदाता सूची से नाम हटाना, स्थान परिवर्तन के कारण सुधार कार्य भी आगामी 22 जनवरी तक कर सकते हैं। इस संबंध में विशेष शिविर 14 जनवरी को पूरे जिले में चलाया जा रहा है, ताकि शत-प्रतिशत 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं का पंजीयन, सुधार और हटाना सुनिश्चित हो।

### चिंगरौद में मेला आज से सूखा लहरा लेंगे लोग



**महासमुंद।** मकर संक्रांति के मौके पर 14-15 जनवरी को ग्राम चिंगरौद के त्रिवेणी संगम महानदी के तट पर मेला का आयोजन किया जाएगा। यहां पर मकर संक्राति को सूखा लहरा लेने दूर दूर से लोग पहुंचते हैं। साथ ही यहां के शक्ति लहरी माता मंदिर में पूजा अर्चना की जाती है। रेत में लहरा लेने के कारण स्थानीय लोग इस मेले को लहरा मेला के नाम से भी जानते हैं।

### महुआ शराब की बिक्री, तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने महुआ शराब बिक्री के मामले में एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस ने संजय साहू पिता दयानिधि साहू 35 साल ग्राम बंसुलाडीपा को उनके घर के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पाया, उसके पास से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जहर सेवन करने से अधेड़ की मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा में 52 साल के व्यक्ति ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया। जिसकी जिला अस्पताल महासमुंद में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शिवचरण अमीर पिता झंगलू कर्रा पारा बागबाहरा निवासी ने सोमवार की दोपहर करीब 2.37 बजे जहर सेवन कर लिया। जिसे इलाज के लिए परिजनों ने जिला अस्पताल महासमुन्द में भर्ती कराया गया, यहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिसने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

# संक्रांति पर गंगा नदी में स्नान से मोक्ष की होती है प्राप्ति और मिलता है अक्षय पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

इस वर्ष मकर संक्रांति 15 जनवरी सोमवार को मनाई जाएगी। पंडित सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन ग्रहों के राजा सूर्य देव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। सूर्य के एक राशि से निकलकर दूसरी राशि में प्रवेश करने को ही संक्रांति कहते हैं। एक संक्रांति से दूसरी संक्रांति के बीच का समय ही सौर मांस कहलाता है।

मकर संक्रांति प्रायः 14 जनवरी को ही पड़ती है। 18वीं सदी में 12 और 13 जनवरी को मनाई गई थी। 1964 में भी 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व मना था। अधिक मास होने के कारण कभी–कभी प्राय एक या दो दिन आगे पीछे हो जाता है।

संक्रांति को गंगा नदी में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।और अक्षय पुण्य मिलता है।

संक्रांति पुण्यकाल स्नान सवेरे 7.15 से शाम 5.40 तक शुभ मुहूर्त है। सूर्य को अर्घ देने वाले जल में लालचंदन लालफुल कालातिल गुड़ डालकर अर्घ दें। स्वयं के स्नान वाले जल में थोड़ा कालीतिल पीलासरसों डालकर स्नान करें। यदि निवास वाले स्थान के आसपास कोई नदी है? तो नदी या तालाब में स्नान करें। अन्यथा अपने स्नान वाले जल में गंगाजल डालकर स्नान करना चाहिए।

## इस बार 15 जनवरी को मनाई जाएगी मकर संक्रांति

### तिल लड्डु का दान करें

इस वर्ष 15 जनवरी को रवि योग बन रहा है, जो सुबह 7.15 से सुबह 8.07 बजे तक है। यह स्नान शाही स्नान है। स्नान के बाद सूर्य की पूजा करें। इस स्नान से अत्यंत लाभ मिलता है। स्नान के बाद कंबल गायघृत तिल लड्डू कालावस्त्र आदि दान का विशेष महत्व है। तिल डालकर खिचड़ी बनाएं और सेंम की सब्जी के साथ खाएं। इससे उदर और अनेक रोगों से मुक्ति मिलती है।



### इस दिन सूर्य की उपसना करें

मकर संक्रांति से सूर्य उत्तरायण हो जाता है और देवताओं का दिन प्रारंभ हो जाने से मांगलिक कार्य प्रारंभ होता है। दक्षिणायन देवताओं की रात होती है। इस समय पितर देव प्रसन्न रहते हैं।और दैत्यों की मायावी शक्ति प्रबल होती है। उत्तरायण में ही भीष्म पितामहजी श्रीकृष्ण दर्शन करके अपने धाम को सीधाये थे।

**समस्या :** 70 फीसदी पद खाली, उसके बाद भी सरकार का ध्यान इस ओर नहीं

# जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से बढ़ी मरीजों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित स्टॉफ की कमी के चलते जिला चिकित्सालय सहित जिले में संचालित अधिकांश सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लंबे अर्से से रेफर सेन्टर बने हुए हैं। जिले में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की कमी के चलते थोड़ी भी गंभीर बीमारी का इलाज कराने मरीजों को राजधानी स्थित चिकित्सालय रेफर कर दिया जाता है। इस दौरान आर्थिक तंगी पीड़ित मरीजों को समय पर उचित उपचार नहीं मिल पाता, जिससे वे अकाल मौत का शिकार बन जाते है।

**जिला प्रशासन की कोशिश भी विफल** :जिला के सरकारी अस्पतालो में चिकित्सको की कमी से निपटने हेतु जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से चिकित्सको की नियुक्ति किये जाने के बावजुद चिकित्सको के पद रिक्त होने के कारणो के बारे में सुत्रे द्वारा बताया गया है कि वर्तमान समय में चिकित्सक सरकारी अस्पतालो में सेवाएं देने की बजाय निजी प्रेक्टिस व ▶▶ शेष पेज 11 पर

## सामान्य बीमारी का भी ठीक से नहीं हो पाता उपचार, मरीजों को राजधानी किया जाता हैं रेफर

### दुर्घटना में घायलों को मिलता है सिर्फ प्राथमिक उपचार

बलौदाबाजार जिला तेजी से औद्योगिकरण की ओर अग्रसर है तथा जिले का अधिकांश भाग आवागमन के लिए सिर्फ सड़क मार्ग पर आश्रित है। जिला में अनेक सीमेंट संयंत्रों के स्थापित होने से प्रतिदिन दिनरात सैकड़ों की संख्या में भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान सड़क दुर्घटना की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। सड़क दुर्घटना में घायल मरीज को लेकर परिजन तुरंत उपचार के लिए किसी तरह जिला चिकित्सालय पहुंचते हैं, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में घायल मरीज को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर अथवा अनयत्र रेफर कर दिया जाता है।




### गरीबों के लिए इलाज हो जाता है गंभीर

गंभीर मरीज को तत्काल इलाज की आवश्यकता होती है ऐसे वे मेकॉहारा न जाकर शहर के महंगे निजी अस्पतालों में मरीज को ले जाना गरीब परिवार वालों की मजबूरी बन जाती है। यहां करीब 300 मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। सर्दी–खांसी आदि का इलाज तो हो जाता है मगर गंभीर बीमारियों और आपात चिकित्सा के लिए यहां व्यवस्था नहीं है।

### 30 प्रतिशत डॉक्टर 100 फीसदी इलाज कैसे?

प्रदत जानकारी के अनुसार जिला के सरकारी अस्पतालों में स्वीकृत पदों के विरूद्ध मात्र 30 प्रतिशत चिकित्सक ही पदस्थ है तथा 70 प्रतिशत चिकित्सकों के पद रिक्त होने के कारण कई स्वास्थ्य उपकेन्द्र स्वास्थ्य कर्मियों के भरोसे संचालित हो रहे हैं। जिला के अधिकांश सरकारी अस्पतालों के हालात की जानकारी देते हुए बताया जाता है कि मरीज के परिजन जैसे तैसे प्राइवेट गाड़ी या 108 की मदद से जिला चिकित्सालय बड़ी उम्मीद लेकर पहुंचते हैं पर यहां डॉक्टरों की कमी के चलते प्राथमिक उपचार के अलावा और कोई इलाज संभव नहीं हो पाता।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी

जिले में 50 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 15 विशेषज्ञ चिकित्सक ही कार्यरत है। नगर में संचालित 150 बिस्तर वाले जिला अस्पताल में सर्जन डॉक्टर नहीं है। भाटापारा सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन व निश्चेतना के चिकित्सक नहीं है। वहीं लवन, सिमगा, सुहेला, पलारी स्थित सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में विशेषज्ञ चिकित्सक के सभी पद रिक्त है। बताया गया है कि लवन में 5, कसडोल में 6 में, सिमगा में 5, सुहेला में 6, पलारी में 5, भाटापारा में 7 विशेषज्ञ चिकित्सक के पद स्वीकृत है। जिनके विरूद्ध वर्तमान समय में भाटापारा में 3 तथा कसडोल में 2 विशेषज्ञ चिकित्सक पदस्थ है। इससे इस बात का सहज अंदाजा लगाया जा ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 15 डॉक्टर कार्यरत

जिले में विशेषज्ञ डॉक्टरों के पदों में 50 में केवल 15 कार्यरत है। इसके लिए समय समय पर अपने अधिकारियों को सूचित करते है व कोशिश भी करते है वहा से कोई स्पेशलिस्ट आए।

एमपी महिश्वर, जिला चिकित्सा अधिकारी

# चोरी की चार वारदातों के फरार सात आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिटी कोतवाली पुलिस ने नगर तथा आसपास घटित चोरी की चार वारदात का खुलासा करते हुए चोर गिरोह में शामिल 7 आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले इस गिरोह में शामिल अन्य 9 आरोपियों को पूर्व में शुक्रवार को गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब है कि महीनों से लगातार बढ़ती चोरी की घटनाएं पुलिस विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। बताया गया है कि आरोपियों द्वारा सुने घरों का पता लगाकर शातिराना ढंग से चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाता रहा है।

- पूर्व में गिरोह के अन्य 9 आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में चोर गिरोह पकड़े जाने के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया है कि 27 दिसंबर 2022 को तोहिमा वर्मा निवासी सृष्टि कॉलोनी बलौदाबाजार चोरी की घटना को अंजाम देकर नगदी 50 हजार एवं सोने चांदी का जेवर सहित कुल 2 लाख 80 हजार का सामान चोरी किए।

इसी तरह 17 दिसंबर 2023 को डेनिश कुमार ध्रुव सिविल लाइन बलौदाबाजार के घर से नगदी सहित सोने चांदी के जेवर कुल 1 लाख 20 हजार रूपये का सामान चोरी किए। इसी तरह 31 दिसंबर को समृद्धि कालोनी निवासी हीरालाल अग्रवाल के निवास से 4 लाख 50 हजार के जेवरात व नगदी चोरी की शिकायत दर्ज गई थी। इसी तरह हीरालाल अग्रवाल निवासी मुंडा में 30 मई 2023 को चोरों ने जेवर व नगदी कुल 6 लाख 54 हजार चोरी कर किए थे। पुलिस लंबे समय से चोर गिरोह की सुराग में जुटी थी। सभी घटनों में धारा 457, 380 के तहत विवेचना की जा रही थी।

शनिवार को गिरफ्तार आरोपियों में स्वप्निल प्रकाश पिता संत मसीह 35 वर्ष निवासी होटल पार्क प्लाजा के पीछे बलौदाबाजार, प्रीतम साहू पिता धनीराम ▶▶ शेष पेज 11 पर

# मुख्य सचिव की वीसी में शामिल हुए कलेक्टर चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टरों की बैठक हुई, जिसमें जिले के कलेक्टर केएल चौहान शामिल हुए। बैठक के प्रारंभ में बताया गया कि प्रभु श्रीराम के जन्मस्थली अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर के समारोह दिवस 22 जनवरी को राज्य सरकार के निर्देशानुसार संस्कृति विभाग द्वारा सभी जिलों के



मानस मंडली, कलाकारों के माध्यम से जिले और ब्लॉक स्तर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता और सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा कि सभी जिलों में ▶▶ शेष पेज 11 पर

# कायाबी के लिए उचित संघर्ष जरूरी



**गोपालपुर।** डीएवी खम्हरिया (बिलाईगढ़ ) में वार्षिक उत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केएन मिश्रा उपक्षेत्रीय अधिकारी, केडी शर्मा डीएवी प्रबंधक, संदीप पटेल प्रभारी प्राचार्य खम्हरिया, संतोष कुमार प्राचार्य डीएवी टिकुलिया, भुवनेंद्र सिंह प्राचार्य डीएवी छरछेद उपस्थित हुए। कार्यक्रम में छात्रों ने सुवा, गरबा और मराठी नृत्य के साथ आधुनिक मनोरंजन नृत्य, बाल मजदूरी के खिलाफ प्रेरणादायक प्रस्तुति दी। इस दौरान प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य संदीप पटेल ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा - कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती और ▶▶ शेष पेज 11 पर

# शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर भगाकर ले जाने और दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने भवानी नगर सिमगा के युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना प्रभारी परिवेश तिवारी से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्रंतर्गत की प्रार्थीया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 फरवरी 2022 की



शाम करीबन 5.30 बजे उनकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले गया है। इस पर पुलिस ने अपराध कायम कर धारा 363 के तहत विवेचना में ले लिया। विवेचना के दौरान 13 जनवरी को भवानी नगर सिमगा निवासी आरोपी रूपेश सोनकर के कब्जे से अपहता को बरामद किया गया। पुलिस को दिए बयान में अपहता ने बताया कि आरोपी द्वारा पीड़िता को नाबालिग जानते हुये ▶▶ शेष पेज 11 पर

संकल्प शिविर में सरकार के सभी योजनाओं का स्टाल लगाया गया

# पात्र हितग्राही सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा




ब्लाक के अंचल में केन्द्र सरकार की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए पंचायतवार विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ पहुंच रहा हैं। यह यात्रा सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को लोगों को जोड़ने का काम कर रही है। इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ ब्लॉक तिल्दा के ग्राम पंचायत असौंदा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला असौंदा के प्रांगण पहुंचा। उक्त शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. सुरेन्द्र वर्मा जनपद सदस्य के रूप में उपस्थित हुए। अध्यक्षता राजेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत असौंदा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी खरोरा मंडल, दुलेश साहू महामंत्री, दुष्यंत साहू, शिवशंकर वर्मा सभापति, राजकुमार ठाकुर, तेजपाल सरपंच अडसेना, जितेंद्र चन्द्राकार पूर्व सरपंच, लुनिता चन्द्राकार पूर्व सरपंच, राम अवतार वर्मा शक्ति केंद्र प्रभारी, परस नायक पिछड़ा वर्ग मोर्चा आदि शामिल हुए। इस दौरान डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है और उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा संकल्प है कि कोई भी पात्र हितग्राही सरकारी योजनाओं के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। शिविर में लगे विभागीय इंस्टाल का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को जनकल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही।

- ब्लॉक के गांव-गांव में पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

नरेंद्र सिंह ठाकुर ने इंस्टाल प्रभारी और हितग्राही से चर्चा कर योजना का लाभ देने की निर्देश दिए। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित लोगों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने के लिए शपथ भी दिलाई गई। टेलीविजन डिस्प्ले के माध्यम से केंद्र के सभी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे और नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे।

### छात्रों ने दी कर्मा, पंथी और राउत नृत्य की प्रस्तुति

कार्यक्रम में ग्राम के स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक वेश भूषा में स्वागत वंदना अरपा पैरी के धार के साथ कर्मा नृत्य, पंथी नृत्य, रावत नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस संकल्प शिविर में सरकार के सभी योजनाओं का स्टाल लगाया गया। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राजस्व विभाग, विश्वकर्मा योजना, स्वाथ्य शिविर, महिला बाल विकास सहित अन्य योजनाओं के स्टाल थे। साथ ही साथ महिला एवं बाल विभाग विकास द्वारा गर्भवती महिलाओ को पौष्टिक आहार दिया गया। अतिथियों द्वारा किसानों को बोनस प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में खिलेश्वर प्रसाद जायसवाल प्राचार्य, नेवारन दास गायकवाड़ प्रधानपाठक, रमेश कुमार वर्मा प्रधानपाठक, एके पुष्पकार संकुल समन्वयक, देवनाथ वर्मा, राम अवतार वर्मा, पुष्पा साहू, कुमार यादव, रामकुमार साहू, बुधराम वर्मा सचिव, प्रणय चंदेल पवित्र दास कुर्रे, पार्वती साहू सुपरवाइजर एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाए, गांव के गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### 40 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भटगांव।** नगर भटगांव से लगे ग्राम गेरवानी में पुलिस की टीम ने 40 लीटर महुआ शराब के साथ युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि, ग्राम गेरवानी में राजकुमार रात्रे पिता माधव रात्रे 32 वर्ष अपनी बाड़ी में 40 लीटर महुआ शराब बेचने के उद्देश्य से छिपकर रखा है कि सूचना मिली।पुलिस की टीम तत्काल राजकुमार के घर पहुंची और घेराबंदी कर जांच की गई, जहां पुलिस को 133 पाउच ▶▶ शेष पेज 11 पर



हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस संचार विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता नियुक्त हुए विकास

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने विकास तिवारी को छग कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग का वरिष्ठ प्रवक्ता नियुक्त किया है। श्री तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के मीडिया कार्यों के संपादन की भी जिम्मेदारी दी गई है। श्री तिवारी वर्तमान में राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन के प्रदेश प्रतिनिधि हैं। श्री तिवारी लंबे समय तक मीडिया विभाग में प्रवक्ता और प्रदेश सचिव भी रहे हैं।

### राज्य उपभोक्ता आयोग के कैलेंडर का विमोचन



**रायपुर।** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने किया। इस अवसर पर कर्मचारी/अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, आशुतोष शर्मा, हरिशचंद दीपक, अफरोज खान, केशव शर्मा, राजकिशोर सिंह, प्रतीक तिवारी, राकेश त्रिपाठी समेत प्रदेश के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने डिप्टी सीएम शर्मा को दिया आमंत्रण

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नवीन विश्राम गृह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राजनांदगांव में आयोजित होने जा रहे युवक-युवती परिचय सम्मेलन, प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन एवं प्रदेश के निर्वाचित ब्राह्मण विधायकों पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा एवं सुशांत शुक्ला का अभिनंदन समारोह पर अतिथि के लिए आमंत्रित किया। इसकी सहर्ष स्वीकृति उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष मोलेश तिवारी, महासचिव राकेश दुबे, शिव शर्मा, आशुतोष दुबे सहित पदाधिकारी शामिल थे।

### चावल उपार्जन के लिए नान लेगा पांच हजार करोड़ का ऋण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले चावल के उपार्जन एवं अन्य अनुषांगिक जिंस की खरीदी के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड पांच हजार करोड़ रुपयों की साख सीमा (ऋण) लेगा। इस संबंध में कार्पोरेशन ने टेंडर जारी किया है। बताया गया है कि कार्यशील पूंजी की आवश्यकता की पूर्ति के लिए गठित की गई ।

# ग्रामीण इलाकों में बढ़ने लगी मानसिक समस्या की शिकायतें, पीएचसी स्तर पर हो रहा इलाज

## बेंगलुरु से प्रशिक्षित सीएचओ कर रहे मरीजों की काउंसिलिंग, दे रहे दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभिन्न कारणों से अब शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी मानसिक समस्या की शिकायत बढ़ने लगी है। पूर्व में जिला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इसकी काउंसिलिंग और उपचार की सुविधा दी जाती थी, जिसका स्तर अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक कर दिया गया है। बेंगलुरु से प्रशिक्षित सीएचओ मरीजों की स्क्रीनिंग और समस्या होने पर इलाज के साथ दवा भी दे रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मानसिक समस्या की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। इसकी वजह कई प्रकार की हो सकती है, जिसमें शारीरिक, पारिवारिक अथवा नशे की लत भी शामिल हो सकती है। पहले यह समस्या शहरी इलाकों में अधिक थी, मगर मानसिक तनाव की समस्या से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले भी घिरने लगे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए अब मानसिक स्वास्थ्य पर स्क्रीनिंग, काउंसिलिंग और इलाज की व्यवस्था प्राथमिक स्तर पर भी देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए निमहंस बेंगलुरु की मदद से मनोचिकित्सक तथा सामुदायिक और प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित कर उन्हें प्राथमिक स्तर पर काउंसिलिंग और उपचार करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। जिला मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी के मुतबिक रायपुर जिले के सामुदायिक के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी सप्ताह में अलग-अलग दिन के हिसाब से मानसिक स्वास्थ्य के मरीजों की जांच कर उनका इलाज किया जा रहा है।

### अधूरी रह गई जमीन की तलाश

राजधानी में मानसिक समस्या से जूझ रहे मरीजों के इलाज के लिए अलग से अस्पताल बनाने की योजना थी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर-निगम और जिला प्रशासन की मदद से जमीन की तलाश शुरू की गई थी। इसके लिए कुछ शासकीय अस्पतालों की रिक्त भूमि का भी अवलोकन किया गया था। इसी बीच राजधानी में बड़े अफसरों की जिम्मेदारी का फेरबदल हुआ और योजना ठंडे बस्ते में चली गई। वर्तमान में राजधानी में मानसिक समस्या से संबंधित शिकायतें तो बढ़ रही हैं, मगर इसके उपचार के लिए पृथक से व्यवस्था नहीं हो पाई है।



### जिला अस्पताल में बेड की व्यवस्था

जानकारी के मुताबिक पहले जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक में आने वाले मरीजों का इलाज ओपीडी के माध्यम से किया जाता था। कुछ समय पहले स्पर्श क्लीनिक का संचालन जिला अस्पताल के मुख्य भवन में शुरू किया गया और वहां आने वाले मानसिक तनाव के मरीजों को इलाज के लिए भर्ती करने दस बेड की व्यवस्था भी कई गई। प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इलाज करने वाले चिकित्सकों को समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अस्पताल तक भेजने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने दानी स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान गेट का दरवाजा खोला

# साढ़े चार साल बाद खुला बूढ़ा तालाब बायपास रोड, स्कूल-कॉलेज की छात्राओं को मिली राहत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब से विवेकानंद सरोवर जाने वाले बायपास रोड को करीब साढ़े चार साल बाद खोल दिया गया। इस मार्ग को नगर निगम ने चौपाटी खोलने के लिए बंद कर रखा था। इसके कारण बूढ़ापारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, डंगनिया, सुंदरनगर सहित आसपास के क्षेत्र में रहने वाली दानी गर्ल्स स्कूल, डिग्री गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रास्ता खोले जाने से छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। उन्हें अब लंबा सफर तय कर कालीबाड़ी से घूमकर जाना नहीं पड़ेगा। बायपास रोड से छात्राएं कम समय में घर से स्कूल और स्कूल से घर पहुंच पाएंगी। स्कूल शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस पर दानी गर्ल्स स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दानी स्कूल के बच्चों से किया वादा भी पूरा किया। श्री अग्रवाल ने बूढ़ा तालाब से स्वामी विवेकानंद सरोवर की तरफ जाने वाले बायपास रास्ते को फिर से चालू किया। उन्होंने पिछले करीब साढ़े चार साल से बंद इस बायपास रास्ते की बाधा को दूर किया और अपने हाथों से गेट का ताला खोला। दानी स्कूल की छात्राएं काफी समय से स्कूल से बूढ़ा तालाब की तरफ रास्ते की मांग कर रही थीं। गेट का ताला खुलते ही छात्राओं में खुशी का माहौल छा गया। इस दौरान बच्चों ने जय-जयश्री राम के जमकर नारे भी लगाए।

### रविवार तक शेष बाधा भी कर दी जाएगी दूर

दानी गर्ल्स स्कूल के पीछे गेट का दरवाजा छात्राओं के लिए खोल दिया है, लेकिन इस मार्ग पर अभी भी काम चल रहा है। इस मार्ग पर दीवार खड़ी करने से लेकर चौपाटी के लिए जो निर्माण कार्य किए गए थे, उन्हें हटाने का काम अभी भी जारी है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने बताया कि एक-दो दिन में काम खत्म हो जाएगा। संभवतः सोमवार से इस मार्ग पर आने-जाने में परेशानी नहीं होगी।

# ब्लड जांच कर रोकी जा सकती है सिकलसेल की बीमारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के तहत सिकलसेल एनीमिया एवं दन्त समस्याओं पर जागरूक करने रेडक्रॉस प्रभारी अंशु ध्रुव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. बाल्मिकी साहू के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- रेडक्रॉस ने महाविद्यालय में शिविर लगाकर छात्रों को सिकलसेल एवं दन्त समस्याओं पर किया जागरूक

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरोरा से डॉ. देवघर एवं डॉ. रीता ध्रुव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. डीके वर्मा, मुख्य अतिथियों एवं सहायक–प्राध्यापकों की उपस्थिति में हुआ। डॉ. देवघर ने सिकल सेल एनीमिया के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने कहा कि इस बीमारी को रोकथाम के लिए युवाओं को सिकलिन की जांच जरूर कराएं और सिकलीन होने की अवस्था में परिवार ना बढ़ाने की सलाह दी। इसके पश्चात डॉ. रीता ध्रुव ने छात्र छात्राओं को दांतों से सबंधित समस्याओं के बारे में जागरूक और उसके निदान के बारे में बताते हुआ कहा कि छात्रों को दिन में दो बार सुबह और रात में सोने के पहले ब्रश करने की सलाह दी। कार्यक्रम में डॉ. बाल्मिकी साहू द्वारा युवा दिवस पर युवाओं को स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व परिचय देते हुए कहा कि युवा अपने जोश, उत्साह एवं युवा–शक्ति का उपयोग अपने जीवन को उत्कृष्ट एवं देश की आगे बढ़ाने में योगदान दे। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक आरके साहू, हिमांशु ध्रुव, रचना मिश्रा, बीपी साहू, चुलेश्वर साहू, धर्मेन्द्र बघेल, मयंक मिश्रा समस्त सहायक प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राएं शामिल हुईं।

# पुलिसकर्मियों को नए कानून का पाठ पढ़ाने आईजी, एसएसपी की पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पाठशाला में पढ़ाने पंडित रविशंकार यूनिवर्सिटी के कानून के प्रध्यापक पहुंचे
- पाठशाला में पढ़ने 38 पुलिस अफसर पहुंचे

अंग्रेजों के समय से चले आ रहे डेढ़ सौ साल पुराने कानून की जगह नई भारतीय न्याय संहिता तैयार की गई है। नए अपराधिक कानून को लेकर शुक्रवार को पुलिस अफसरों के साथ विवेचकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विवेचक, मददगार, टीआई सहित 38 पुलिस अफसर शामिल हुए। नए कानून की जानकारी देने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से कानून के प्रध्यापक भी पहुंचे। नए कानून संबंधित जानकारी देने कार्यशाला में रेंज आईजी आरएल डांगी, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल तथा पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से डॉ. वेणुधर रावतिया पहुंचे थे। पुलिस अफसर तथा प्रध्यापक ने पुलिस अफसर तथा कर्मियों को नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके सवालों का जवाब दिए। पुलिस अफसरों के मुताबिक पुलिस कर्मियों को नए कानून के तहत मामले की जांच करने तथा अपराध संबंधित धारा को लेकर किसी तरह से परेशानी न हो, इस बात को ध्यान में रखकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। नए भारतीय अपराध कानून में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के बारे में पुलिस अफसर, टीआई तथा पुलिसकर्मियों को जानकारी दी गई।

# करियर कार्यशाला छात्रों के लिए बनी पथ प्रदर्शक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में प्राचार्य बी गिरजा जवाहर नवोदय विद्यालय के मार्गदर्शन में करियर पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर करियर काउंसलर एवं परामर्श मनोवैज्ञानिक सुयश ठाकुर एवं उनके सहयोगी विनिमय झा द्वारा विद्यालय के छात्र–छात्राओं को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बाद सही करियर चुनने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि उनके रुचि के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा करियर बनाएं एवं उचित क्षेत्र का चुनाव करें। स्कूल के बाद विभिन्न प्रकार के कोर्स किस प्रकार कर सकते हैं उसके लिए कितने अवसर हैं और किस प्रकार सफलता प्राप्त कर सकते हैं, इस पर उन्होंने जोर दिया। इस अवसर पर मंदोदरी सेठ वरिष्ट शिक्षिका प्रदीप कुमार पीईटी एवं मोनिका ठाकुर काउंसलर ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिक्का ग्रंथपाल ने धन्यवाद ज्ञापित कर सभी छात्र–छात्राओं को भविष्य में अच्छा करियर बनाने शुभकामनाएं दी।

# दोपहिया से कट मारने के विवाद पर हत्या, तीन को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खमतराई थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व दोपहिया से कट मारने के विवाद पर हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को आजीवन कारावास तथा डेढ़-डेढ़ हजार रुपए जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि नहीं पटाने पर कोर्ट ने आरोपियों को अतिरिक्त दो-दो वर्ष कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हिरेंद्र सिंह टेकाम एट्रोसिटीज की कोर्ट में हुई है।

लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक सांई किरण की हत्या के आरोप में कोर्ट ने रूद्र कुमार साहू उर्फ राहुल, योगेश भारती उर्फ सोनू चौहान तथा भूषण निषाद को कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के मुताबिक बदमाशों ने 22 फरवरी 2020 को सांई किरण की चाकू से हमला कर हत्या की थी। चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल सांई किरण की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई थी।

### गाड़ी ठीक से चलाने कहने पर चाकू मारा

मृतक के दोस्त तथा घटना के प्रत्यक्षदर्शी आयुश सिंह ने कोर्ट को बताया कि घटना दिनांक को वह सांई किरण के साथ उसकी दोपहिया पर सवार होकर निकला था। बाइक में सवार तीनों बदमाश रास्ते में कट मारते हुए निकले, तब आयुश ने उन्हें ठीक से बाइक चलाने के लिए कहा। इससे नाराज होकर बदमाशों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी। थोड़ी देर बाद बदमाशों ने आयुश तथा उसके एक अन्य साथी पर हमला किया, तब आयुश ने एक मोची की दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। इसके बाद बदमाशों ने सेलून में बाल कटा रहे सांई किरण की कमर में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल किया और मौके से फरार हो गए।

# ऑडिट रिपोर्ट में लेखा परीक्षक का फर्जी सील-हस्ताक्षर कर फर्म को 12 लाख रुपए का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन–1 आयुक्त की जांच रिपोर्ट में खुलासा

नगर निगम मुख्यालय की ऑडिट रिपोर्ट में लेखा परीक्षक के नाम का फर्जी सील व हस्ताक्षर कर मेसर्स जेबी कंस्ट्रक्शन कंपनी को 12 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया है। यह मामला वर्ष 2022 का है। इस मामले में वित्त उपायुक्त ने जोन-1 कमिश्नर को जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। जोन कमिश्नर ने इसकी जांच कर रिपोर्ट पेश कर दी है, जिसमें ऑडिट रिपोर्ट में बताया गया है कि जोन कार्यालय से कंपनी को राशि भुगतान करने संबंधी कोई रिपोर्ट नगर निगम मुख्यालय को भेजी नहीं गई है, जबकि राशि का भुगतान निगम मुख्यालय से किया गया है, इसलिए जो भी गड़बड़ी हुई है ऑडिट शाखा में ही हुई है।

नगर निगम प्रशासन ने वर्ष 2022 में जोन-1 अंतर्गत ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक 17 अंतर्गत विनायक विहार से अंजली विहार, कल्प विहार तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य के लिए 14 लाख 26 हजार रुपए की स्वीकृति दी थी। इस निर्माण कार्य का ठेका मेसर्स जेबी कंस्ट्रशन रायपुर को दिया गया था। इस फर्म के प्रोप्राइटर अशोक उईके हैं। इस फर्म को सुरक्षा निधि की राशि का भुगतान किए जाने के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसे ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार 12 लाख रुपए राशि का भुगतान भी कर दिया गया। इस राशि के भुगतान करने के बाद पता चला कि ऑडिट रिपोर्ट में जिस लेखा परीक्षक के नाम की सील व साइन है, वह फर्जी है। लेखा परीक्षक के अनुसार पहले व अंतिम बिल के ऑडिट का कोई रिकॉर्ड सीए फर्म के पास उपलब्ध ही नहीं है। इसके अलावा ऑडिट कार्य के उल्लेखित तिथि का डिस्पैच रजिस्ट्रर में कोई एंट्री भी नहीं है।

नगर निगम के वित्त उपायुक्त ने जोन-1 कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले में स्वीकृत निर्माण कार्य हुए हैं या नहीं, इसकी जांच रिपोर्ट मांगी गई थी।

### ऑडिट शाखा में हुई गड़बड़ी

स्वीकृत कार्यों के निर्माण पूर्ण हो चुके हैं। जोन कार्यालय में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है, क्योंकि राशि भुगतान को लेकर जोन कार्यालय से कोई रिपोर्ट नगर निगम मुख्यालय को भेजी नहीं गई है। ऑडिट शाखा में किसी ने गड़बड़ी की है।

- एनआर चंद्राकर
कमिश्नर जोन-1

## काटे गए पेड़ों की जड़ों से कोपल आने की आस में वन अफसर

# उदंती अभ्यारण्य में रिसगांव सहित कई वनक्षेत्रों पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व जैसे घने वनक्षेत्र को पड़ोसी राज्य के अतिक्रमणकारी खोखला करने में लगे हुए हैं। इस क्षेत्र में वन अफसरों को रिसगांव सहित अन्य वन क्षेत्रों में सौ हेक्टेयर से घने वनक्षेत्र में हजारों की संख्या में पेड़ों की कटाई कर अवैध कब्जा करने की जानकारी मिली है। वन अफसर सेटेलाइट इमेज के माध्यम से कितने के वनक्षेत्र में कब्जा किया गया है, इस बात का अवलोकन कर रहे हैं। सेटेलाइट इमेज मिलाने के बाद अफसर जल्द ही जंगल से अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। इसकी पुष्टि वन अफसर कर रहे हैं।

उदंती-सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर के मुताबिक जंगल में अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अफसर के अनुसार पिछले दिनों जिस 70 हेक्टेयर वनक्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया है, उस पूरे इलाके को फेंसिंग तारों से घेराव कर सुरक्षित किया जाएगा। इसके साथ मुक्त कराए गए क्षेत्र में ग्रासलैंड विकसित किया जाएगा। ग्रासलैंड विकसित होने से हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीवों को पर्याप्त चारा मिलेगा। इसके साथ ही समतल की गई जमीन में कंटूर ट्रेंच बनाए जाने की जानकारी अफसर ने दी। कंटूर ट्रेंच से बरसाती पानी को रोकने में मदद मिलेगी। इससे भू-जल स्तर बढ़ने के साथ वन्यजीवों को पीने के लिए पानी मिलेगा।

## अफसर जल्द ही उन क्षेत्रों को अवैध कब्जा मुक्त कराने कार्रवाई करने की बात कह रहे

### अतिक्रमणकारी ज्यादातर ओडिशा के

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में अतिक्रमण की ज्यादातर घटनाएं ओडिशा के अतिक्रमणकारी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उदंती-सीतीनदी टाइगर रिजर्व की जमीन काफी उपजाऊ है। यहां की भूमि में बड़े पैमाने पर मक्का का उत्पादन होता है। इसी वजह से पड़ोसी राज्य ओडिशा के अतिक्रमणकारी जंगल में मक्का की खेती करने कोर एरिया में वनों की कटाई कर अतिक्रमण की घटना को अंजाम देते हैं।


उदंती की 70 हेक्टेयर जमीन से कब्जा जमींदोज, दर्जनभर हुए गिरफ्तार

### जलाए गए ठूंठ से संवरेगा जंगल

वन अफसर के मुताबिक जिन पेड़ों को काटकर अतिक्रमणकारियों ने जला दिया है, उन पेड़ों की ठूंठ से नए कोपल निकलने की आस है, जिसे फॉरेस्ट की भाषा में असिस्टेड नेचरल रीजनरेशन ऑफ फॉरेस्ट (एएनआर) कहते हैं। पेड़ों की ठूंठ से जो कोपल निकलते हैं, वह तेजी से प्राकृतिक खाद तथा पानी की वजह से तेजी से विकसित होते हैं, इससे उजाड़े गए जंगल के संवरने की संभावना है।

### सेटेलाइट इमेज बन रहा कार्रवाई का आधार

गौरतलब है, उदंती सहित राज्य के कई और वनक्षेत्रों में लंबे अरसे से पेड़ों की कटाई कर अतिक्रमण करने का खेल चल रहा है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने सेटेलाइट इमेज को आधार बनाया गया और वन अफसरों ने अब तक आठ सौ हेक्टेयर के करीब अतिक्रमण की गई वनभूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने में कामयाबी हासिल की है। वन अफसरों को अन्य क्षेत्रों के वनों में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सेटेलाइट इमेज के आधार पर कार्रवाई करने की जरूरत है, तभी वनों को अवैध कब्जा होने से रोका जा सकता है।

खबर संक्षेप



## अमेरा में अक्षत पुष्प का घर-घर वितरण

**अमेरा।** ग्राम अमेरा में ग्रामवासियों, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिवार, गायत्री मंदिर परिवार द्वारा अयोध्या से लाए अक्षत कलश की पूजा की गई और घर-घर जाकर जनमानस को 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। सभी घरों में जाकर अक्षत (पिला चावल) और श्रीराम मंदिर की तस्वीर व निमंत्रण पत्र प्रदान किया जा रहा है। इस पुनित कार्य को सफल बनाने मे मोतीलाल पटेल, श्रवण यादव, रामेश्वरी पटेल, रमा वर्मा, सरिता फेकर, खिलेश्वरी सेन, दुखु वर्मा, सुकृता पटेल, रेखा साहू, प्रीति यादव, बबिता यादव, मोनिका निर्मलकर, गंगोत्री ध्रुव, हिमांशी साहू, रामेश्वरी सेन, पदमा साहू, अनिता कन्नौजे के साथ ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

## एक्सीडेंट से अज्ञात युवक की मौत

**महासमुंद।** दुर्घटना में घायल हुए करीब 32 साल के अज्ञात युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सूचना के आधार पर मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## तुमगांव में दो दिवसीय कबीर सत्संग कल से

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में 15 से 16 जनवरी को दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सतसंग समारोह में सूरत से संत गुरु भूषण साहेब व संत कबीर संस्थान देवपुर (धमतरी) संत रविकार साहेब अपनी मंडली सहित पधार रहे हैं। समारोह वार्ड 14 जयजाल साहू के ब्यारा में रखा गया है। प्रथम दिन 11 से 2 बजे तक सत्संग भजन प्रवचन, दोपहर 3.30 से 5.30 तक सत्संग प्रवचन, शिक्षा उपदेश और 16 जनवरी को 11 से 3 बजे तक सत्संग प्रवचन भजन कीर्तन, गुरु पूजा, प्रसाद वितरण एवं भोज भंडारा का आयोजन रखा गया है।

# युवा दिवस पर व्यक्तित्व निर्माण के लिए जीवन दिशा निर्धारित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

शासकीय आरएन महाविद्यालय भटगांव में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. एसके शुक्ला ने किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और राजकीय गीत प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरीश वैष्णव (ग्रंथपाल) ने कहा कि 1984 से स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन हो रहा है। युवा दिवस का मूल उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के जीवनगाथा से युवा प्रेरण लेकर देश के नवनिर्माण व विकास में अपना श्रेष्ठतम योगदान दे सके। भारत का भविष्य विवेकानंद है और भारत युवाओं का देश है। कार्यक्रम का संचालन संजना बघेल कक्षा बीएससी (पूर्व) तथा आर के साह (अतिथि व्याख्याता) ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. केके पटेल एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. हिमेश्वर चन्द्रा सोनसाय भारद्वाज, शकुन्तला राकेश, मनटोरी भारती (सभी अतिथि व्याख्याता) गिरिजा रानी कैवर्त्य (ज.मा.शि.) एसके यादव, टीआर साहू (दोनो सहा. ग्रेड–तीन) संगीता वैष्णव, राजेश कुर्रे, टिकेश्वरी ध्रुव सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कलेश्वर सिंह वरिष्ठ स्वयंसेवक नारायण साहू गितेश्वरी, चमेली, ओंकार, सोनिया, केशरी, विमल, सूर्या तथा प्रभात का विशेष योगदान रहा।

### कालेज में अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद की जीवनगाथा छात्रों से सुनाई

#### 50 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे गए

कार्यक्रम में मंचीय प्रस्तुती में स्वामी जी भारतमाता तथा छत्तीसगढ़ महतारी की झांकी विशेष सराहनीय रहा। इसके साथ ही एन.एस.एस. विशेष शिविर में शामिल रहे 50 विद्यार्थियों को शिविर प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।




#### संकल्प जीवन का बीज है

जीवन संघर्ष है और संघर्ष में आपका करीबी मित्र मन है। संकल्प जीवन का बीज है। व्यक्तित्व निर्माण के लिए जीवन दिशा का निर्धारण आवश्यक है। फ्रेंच चिंतक रोमा रोला ने कहा है यदि भारत को जानना है तो विवेकानंद का अध्ययन करना पड़ेगा। स्वामीजी के जीवन चरित्र से जीने की राह वाली पांच कहानियां–भाव संस्कार, एकाग्रचित, असली खुशी तथा निर्भीकता का जिक्र किया। रामकृष्ण मठ रामकृष्ण मिशन तथा बेलूर मठ की स्थापना स्वामीजी ने किया। डॉ. वैष्णव ने कहा कि शिकागो (अमेरिका) में आयोजित विश्व धर्म संसद में 11 सितम्बर 1893 को अपने ऐतिहासिक भाषण से विवेकानंद ने भारतीय सनातन संस्कृति व हिन्दू धर्म की विशेषताओं एवं मान्यताओं को पूरे यूरोप में पुनस्थापित कर दिया था।

### मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद अजगले सहित जिले के विधायक कार्यक्रम में होंगे शामिल

# पीएम जनमन योजना के मेगा इवेंट का आयोजन कल कसडोल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा देश के पीवीटीजी समुदायों के 100 जिलों में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोमवार 15 जनवरी को वर्चुअल के माध्यम से पीएम जनमन के लाभार्थियों के साथ बातचीत करेंगे।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल नगर में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के सभागार में पीएमजनमन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर चंदन कुमार ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन के सफल क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग चयनित हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को दायित्व भी सौंपे गये हैं। इनमें अनुविभागीय अधिकारी कसडोल को प्रोटोकॉल एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को स्टैंडिज, बैकड्राप टेंट सहित अन्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को चिकित्सा व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को मंच निर्माण, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण को ध्वनि, प्रकाश, मंच सज्जा, एलईडी डिजिटल स्क्रीन, जनरेटर, विद्युत विभाग के निर्बाध विद्युत व्यवस्था, ई डिूरिरक्ट मैनेजर को ऑनलाइन कनेक्टिविटी, कृषि एवं कृषि विज्ञान केन्द्र को प्रधानमंत्री किसान योजना, उद्यानिकी को मंच की साज सज्जा एवं पुष्प व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है।




कार्यक्रम का आयोजन 15 जनवरी सोमवार को दोपहर 11.30 बजे से होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, विशिष्ट अतिथि जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद गुहा राम अजगले, रायपुर सांसद सुनील सोनी, भाटापारा विधायक इंद्र कुमार साव, कसडोल विधायक संदीप साहू, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष नीलूचंदन साहू, कमार समाज जिला अध्यक्ष, तीज राम कमार की उपस्थिति में संपन्न होगा।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग लोकेश पटेल ने बताया कि कसडोल विकासखंड के 2 ग्राम पंचायतों बल्दाकछार एवं औवराई में कमार जनजाति के लगभग 30 परिवार निवासरत है इनकी कुल जनसंख्या 195 है। मेगा इवेंट में पीवीटीजी समूहों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं–टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पत्र, राशन कार्ड आजीविका के साधनों आदि के बारे में जानकारी देंगे और 18 हितग्राहियों को पक्के आवास के साथ ही विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित किया जाएगा। 124 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड, 18 हितग्राहियों को पक्के आवास, 8 किसानों को किसान सम्मान निधि, 3 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 2 हितग्राहियों को कृषि उपकरण, 5 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अन्य योजना सहित जाति प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया जाएगा। मेगा इवेंट में सभी कमार बसाहटों के हितग्राही, समाज प्रमुख, जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और जिला प्रशासन के आलाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

गौरतलब है की भारत सरकार द्वारा चिन्हित3 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से 15 नवंबर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान योजना (पीएम जनमन) की शुरूआत की गई है। पीएम जनमन योजना के तहत 9 केंद्रीय मंत्रालयों की मौजूदा योजनाओं के माध्यम से अगले 3 साल में 11 गतिविधियों के अंतर्गत उनका सामाजिक–आर्थिक उत्थान किया जाना है। इस कार्ययोजना में पक्के मकान, संपर्क मार्ग, स्वच्छ जल, मोबाइल–चिकित्सा, छात्रवास निर्माण, आंगनबाड़ी निर्माण, वन धन केंद्र की स्थापना, बहुद्देशिय केन्द्र निर्माण, विद्युतीकरण प्रकाश व्यवस्था ग्रिड प्रणाली,मोबाइल टावर की स्थापना, कौशल विकास को सम्मिलित किया गया है। इसके अतिरिक्त शत प्रतिशत आधार कार्ड, उज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, जन–धन खाता, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना, सुरक्षित मातृ अभियान, राष्ट्रीय डायलिसिस, सिकलसेल रोग उन्मूलन, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा बीमा पेंशन का भी लाभ दिया जाना है।

# जयंती पर विवेकानंद की प्रतिमा का हुआ अनवरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम ओड़ान में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद के 161वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा का अनावरण, हास्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ जन, प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं, कलाकार, पुलिस जवान सहित पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

■ विधायक की उपस्थिति में वरिष्ठजन, छात्र–छात्राओं, कलाकार, पुलिस सहित पत्रकारों को किया गया सम्मानित

विवेकानंद साहित्य परिषद– शिक्षक मित्र एंव ग्रामवासियों के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शैलेष नितिन त्रिवेदी व विशिष्ट अथिति के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर,चरणदास घृतलाहरे, सरपंच राजकुमारी कमल व गिरीश वर्मा शामिल हुए।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों द्वारा आत्मानंद हाई स्कूल परिसर में स्वामी विवेकानंद के मूर्ति का अनावरण किया गया, जिसके बाद स्वागत सम्मान व कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा साल व स्मृति चिन्ह देकर वरिष्ठ जनों, पत्रकारों, छात्र-छात्राओं, कलाकार व पुलिस जवानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुण वर्मा के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में देवेश साहू, सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों में केपी ध्रुव, केके दुबे, टीआर साहू, सुरेंद्र साहू, केशव राम साहू, सुरेंद्र ध्रुव, एमआर साहू, मंगल प्रसाद चंद्राकर, शेरसिंह ध्रुव व श्रीराम ध्रुव, वीर जावान छत्रपाल सिंह, जीवन कन्नौज, विनोद कुमार, छत्रपाल वर्मा, कला जगत में डेरहराम साहू, कार्तिक राम साहू, बिसाहू, मुखीराम, सुनहर, केजुरम, नेतराम, नकछेद सहित प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

# मानव शरीर की प्राप्ति परमात्मा का सबसे बड़ा वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जयगुरुदेव महाराज के उत्तराधिकारी एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज महाराज इस समय अपनी 82 दिवसीय शाकाहार–सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक–वैचारिक जनजागरण यात्रा के साथ छत्तीसगढ़ के जिलों में सत्संग भ्रमण पर है। कल सायंकाल वह यात्रा के 18वें पड़ाव ओड़ान पहुंचे। आज यहां जयगुरुदेव सत्संग समारोह में प्रवचन करते हुये उन्होंने कहा मानव शरीर की प्राप्ति परमात्मा का सबसे बड़ा वरदान है। यह चौरासी लाख योनियों में सर्वश्रेष्ठ, क्योंकि इसमें परमात्मा के पास जाने का दरवाजा है, जिसका भेद सन्त महात्मा जानते हैं। इसीलिये वह जीवों को सचेत करने के लिये धरती पर विचरण करते हैं। 'मिली नर देह यह तुमको, बनाओ काज कुछ अपना।' पचो मत आय यहि जग में जानियो रैन का सपना।।'' पंक्तियों को उद्धृत करते हुये कहा यह अनमोल मानव तन इसलिये मिला है कि अबकी बार किसी प्रभु की प्राप्ति करने वाले सन्त, महात्मा की तलाश करें, वह भजन का रास्ता दे दें तो उसकी कमाई करके आत्म कल्याण करा लें। पैदा होने से पहले सबने भगवान का भजन का वादा किया था, लेकिन वह वादा भूल गये। जब जाने का समय आया तो सामने सब अपने ही खड़े रहते हैं, जीव मौत की पीड़ा में टकटकी लगाकर सहायता की कामना करता है लेकिन ''लगे टकटकी कोई दीखे न भाई। अन्त समय जो करे सहाई।'' कोई सहायता नहीं कर सकता। इसलिये मानव जीवन पाने के उद्देश्य को समझें। समय का सदुपयोग करें। वर्ना हाथ में आया अवसर निकल जायेगा। जीवात्मा नकोंर् चौरासी की यातनायें भोगेगी।

■ पंकज महाराज की जन जागरण यात्रा ओडान पहुंची

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**(सीमांकन के संबंध में सूचना पत्र)**

**प्रति**

**1.** श्रीमान सचिव कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा **2.** श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (भवन तथा सड़क) भाटापारा (248/2) **3.** श्रीमान प्रेसिडेंट म्युनिसिपल भाटापारा (258/6, 285/20) **4.** श्री पुरुषोत्तम लाल पिता पितम्बर लाल सा. देह (236/1) **5.** श्री नरेन्द्र कुमार पिता फतेचंद अग्रवाल सा. देह (227/1) **6.** श्री फतेचंद अग्रवाल पिता रामजी अग्रवाल सा. देह (228/1) **7.** श्री अजिंदर कौर पति प्रताप सिंग, जगजीत सिंग, जगप्रीत सिंग, सत्यजीत वो नाबालिक राजा सा. देह (247/1) **8.** श्री रमेश कुमार, सुरेश कुमार, राकेश कुमार पिता रविशंकर सा. देह (230/1) **9.** श्री देवनारायण पिता माणिकलाल चाण्डक सा. भाटापारा (231) **10.** श्री अशोक कुमार पिता प्रहलाद राम सा. देह (247/2, 258/9) **11.** श्री संदीप पिता नंदकिशोर भट्टर सदर वार्ड भाटापारा (222/3) **12.** श्री फतेचंद वो प्रेमचंद अग्रवाल पिता रामजी अग्रवाल सा. देह पिता (228/5) 13. श्री भरतकुमार पिता राममूर्ति अग्रवाल सा. देह (285/4, 287 /2) **14.** श्री बुलाकी दास पिता मथुरा दास मुंदड़ा सा. देह (285/15) **15.** श्री संजय पिता जोगेंदर लाल मक्कड़ सा. देह (283/2) **16.** श्री गोपाल पिता हजारी लाल अग्रवाल सा. देह (258/5) **17.** श्री कृष्णा कालोनाइजर्स पंजीकृत संस्थान भागीदार द्वारा अमरनाथ पिता केदारनाथ गुप्ता निवासी के. के. वार्ड भाटापारा (257/4, 257/5, 257/6, 258/29, 283/1) **18.** श्री कृष्ण कुमार पिता बुलाकी दास मुंदड़ा सा. भाटापारा (257/3)

-00-

आवेदक श्रीमान सचिव कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अवरेठी, प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित भूमि का न्यायालय तहसीलदार भाटापारा के ज्ञापन क्रमांक/237/ वा. तह./2024 भाटापारा दिनांक 08/01/24 के परिपालन में आवेदित भूमि कुल खसरा नम्बर 16 कुल रकबा 9.737 हेक्टेयर का सीमांकन दिनॉक 15.01.2024 को समय प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ किया जावेगा।

आवेदक के भूमि का सीमांकन किया जाना है जो निम्नानुसार है ।

खसरा नम्बर क्रमशः- 229, 248/1, 250, 251/1 251/12, 251/13, 253, 254, 255/1, 255/2. 256, 257/1, 284, 286/1, 286/2, 287/1, रकबा क्रमशः 2.5330, 0.3030, 1.7380, 1.1790, 0.5510, 0.0650, 0.0890, 0.5630, 0.2350, 0.3930, 0. 4620, 1.0920, 0.1210, 0.0450, 0.0440, 0.3240 हेक्टेयर चूंकि आपकी भूमि आवेदित खसरा नम्बरों की भूमि से संलग्न है। अतएव उपरोक्त दिनॉक वो समय को रजिस्ट्री बैनामा और भूमि से संबंधित समस्त सुसंगत दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ सीमांकन के समय सीमांकन प्रारंभ होने के पूर्व से सीमांकन समाप्ति पश्चात तक पंचनामा में हस्ताक्षर होते तक आप स्वयं या आपके द्वारा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के साथ मौके पर उपस्थित रहें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में आवेदक की भूमि का सीमांकन कर चिन्हांकित कर बता दिया जावेगा।

आज दिनॉक 12.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर से सूचना जारी किया गया

**टीपः-** यदि उक्त तिथि को किसी कारण वश शासकीय कार्य में व्यस्त होने पर अगली कार्य दिवस पर सीमांकन किया जावेगा ।

राजस्व निरीक्षक
भाटापारा

## पेज 11 के शेष

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की...

निजी संस्थानो में काम करने में अधिक रूचि रखते है। वहीं सरकारी अस्पतालो में कार्यरत अधिकांश चिकित्सक भी शासकीय चिकित्सालयो के अलावा निजी अस्पताल संचालित कर रहे है। तथा सरकारी अस्पताल में ईलाज कराने पहुंचे मरीजो को बेहतर ईलाज के लिए अपने निजी अस्पताल में आने की सलाह देते है।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की ...

सकता है कि शासन की स्वास्थ संबंधी सुविधाओं को प्राथमिकता दिये जाने संबंधी योजना के बावजूद बलौदाबाजार जिला आज भी स्वास्थ्य सुविधा के लिए मोहताज है।

### चोरी की घटना...

साहू 28 साल निवासी वैष्णव कॉलोनी बलौदाबाजार, सिद्धार्थ भोई पिता विशेषर भोई 25 साल निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा, कृष्णा वर्मा पिता सिद्धेश्वर वर्मा 28 साल निवासी ग्राम कोलिहा, राम स्नेही पिता रामकुमार 30 साल निवासी ग्राम कोलिहा, भुवनेश्वर वर्मा पिता कमल नारायण वर्मा 31 साल निवासी ग्राम कोलिहा, चोवाराम वर्मा पिता कमल नारायण 35 साल निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन शामिल हैं।

### मुख्य सचिव की...

धान खरीदी को प्राथमिकता से अब तक अच्छा किया गया हैं और समाप्ति तक अच्छा करेंगे। किसानों से सम्मानजनक ढंग से व्यवहार करते हुए धान खरीदी नियम अनुसार कार्य करें। इसके साथ ही लक्ष्य के अनुरूप धान खरीदी, भंडारण, उठाव, परिवहन, आवश्यक बरदाना आदि के कार्य में आपसी सहयोग जिले के सभी कलेक्टर करेंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम वासु जैन, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, जिला प्रबंधक सूर्यकांत शुक्ला, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू उपस्थित थे।

### जीवन में कामयाबी ...

हमें निरंतर कोशिश करते रहना चाहिए, जब तक कि हम अपने लक्ष्य तक ना पहुंच जाए। आपके द्वारा किए गए प्रयास ही आपको आपके तय मुकाम तक पहुंचाता है। समारोह में सीबीएसई की बोर्ड तथा वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा जेईई व एनईईटी में चयनित हुऐ छात्रों को मोमेन्टो देकर पुरस्कृत किया गया। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के क्लस्टर लेवल पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले योगा एवं कबड्डी खिलाड़ियों को भी मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया।

### शादी का प्रलोभन ...

उनके माता पिता के जानकारी के बगैर शादी कर पत्नी बनाकर रखने व बहला फुसलाकर झांसी मध्यप्रदेश ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर 366 क, 376 भादवि 4,6 पाक्सो एक्ट जोड़ कर आरोपी रूपेश सोनकर पिता महेश सोनकर 24 साल साकिन भवानी नगर सिमगा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### 40 लीटर महुआ ...

में प्रत्येक पाउच में तीन-तीन सौ एमएल शराब मिली। पुलिस ने कुल 40 लीटर शराब जब्त की और आरोपी के खिलाफ धारा 34, दो आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



कलेक्टर केएल चौहान ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम दुर्गापाली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर शिशु बच्चों का अन्न प्राशन किया। इस दौरान अतिथि सुभाष जालान और शिवकुमारी चौहान उपस्थित थे। श्री चौहान ने शिविर के स्टालों का निरीक्षण किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, टीबी, सिकलसेल, एनीमिया, चर्म रोग, कुष्ठ रोग एवं दवाई वितरण और आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, जल जीवन मिशन, उद्यानिकी विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना पशुधन विकास विभाग, खाद्य विभाग, बैंक सखी एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की प्रदर्शनी लगाई गई। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम बैगीनडीह, बिलाईगढ़ ब, जसपुर, गंतुली बड़े, भोथली, भेड़वन, गोड़ीहारी, चंवरपुर भंवरपुर, सोनियाडीह, अमोदी, चोरभट्टी, बलोदी, अमलडीहा, कोट, भद्रा, दानसरा, लिंजीर, कपरतुंगा, डोंगरीपाली और कोकबहाल में भी आयोजित की गई, जहां इसी प्रकार की गतिविधियां संचालित की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ''धरती कहे पुकार के'' से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी हरिशंकर चौहान, सारंगढ़ जनपद सीईओ संजू पटेल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### साफ-सफाई अभियान आज

**महासमुंद।** अयोध्या धाम के राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। अयोध्या धाम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों को अपील की है कि 14 जनवरी रविवार के दिन राम मंदिर के आसपास जगहों पर साफ-सफाई अवश्य करें। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 22 जनवरी सोमवार को दीपोत्सव मनाया जाएगा।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने में सहयोग करें कांग्रेसजन

**महासमुंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने एवं नाम कटाने के लिए विधानसभा वार कैंप लगाया जा रहा। कांग्रेसजन इस कैंप में उपस्थित होकर नए नाम जुड़वाने में सहयोग करें। अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, आईटी सेल, महिला कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस एवं समस्त प्रकोष्ठ, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, जोन अध्यक्ष से निवेदन करते हुए कहा कि कैंप में अनिवार्य रुप से अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्या भोई प्रथम

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विद्या भोई कक्षा 8वीं शासकीय मिडिल स्कूल भूतिया सरायपाली को राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त हुआ है। जिले में नीलेश निषाद कक्षा 5 कल्याण विद्या विहार घोड़ारी, चेतन मुन्ना कक्षा 8 छुहीपाली, नमन ग्वाल कक्षा 8 छुहीपाली को क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। पूरे जिले में इस वर्ष 299 स्कूल एवं कॉलेज से 11895 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिले एवं ब्लॉक स्तर पर मेरिट सूची जारी कर दी है। जिसके पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम की तिथि बाद में घोषित किया जाएगा। परीक्षा 8 स्तर पर आयोजित किया गया था। सभी प्रतिभागियों के लिए आकर्षक प्रमाण पत्र जारी किया गया है तथा राज्य पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शांतिकुंज हरिद्वार की दर्शन कराया जाएगा।

## निधन

### प्रकाश चतुर्वेदी

सिमगा। आजाद चौक सिमगा



निवासी प्रकाश चतुर्वेदी पिता स्व. कान्तु प्रसाद चतुर्वेदी 50 वर्ष का निधन हो गया। वे प्रेस क्लब के संरक्षक अधिवक्ता परीक्षित चतुर्वेदी, योगेश, मोहन, बलराम, पींटू चतुर्वेदी के बड़े भाई व दुर्गा चतुर्वेदी, दिनेश, मुकेश, राकेश, राजेश के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी तट पर स्थित स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में नगर के अधिवक्ता, पत्रकार गणमान्य और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# सुंदरकांड पाठ करेंगे, दीपोत्सव मनाएंगे, स्वच्छता अभियान चलाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के गौरवमय ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय पल का साक्षी संपूर्ण हिन्दुस्तान बन रहा है। विविध आयोजनों की रुपरेखा के जरिए इसकी भव्य अभिव्यक्ति भी हो रही है। इसी कड़ी में सरयू साहित्य परिषद द्वारा भव्य आयोजन की रुपरेखा बनाई गई है, जिसके निर्धारण के लिए यज्ञशाला में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा सहित पदाधिकारी एवं सदस्यगण यज्ञाचार्य कन्हैयाधर दीवान, पं. दुर्गा प्रसाद तिवारी, मुकेश शर्मा, प्रकाश तिवारी, अजय तिवारी, अशोक शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## साहित्य परिषद रामलला प्राण-प्रतिष्ठा पर करेगा विविध कार्यक्रम

### 16 जनवरी को सुन्दरकांड पाठ

आयोजन का द्वितीय सोपान भव्य सुन्दरकांड कांड पाठ के साथ होगा, जिसमें परिषद के सदस्यों सहित सर्व हिन्दू समाज एवं रामभक्तों के भव्य भागीदारी की संकल्पना रखी गयी है। इसके तहत संध्या चार बजे यज्ञशाला में 16 जनवरी को सामूहिक सुन्दरकांड का पाठ आयोजित है।



### स्वच्छता अभियान से आगाज

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुवात प्रधानमंत्री के अपील 14 जनवरी को मंदिरों, तीर्थों में स्वच्छता अभियान का अनुकरण करते हुए यज्ञशाला में स्वच्छता अभियान के साथ की जाएगी। इसके तहत 14 जनवरी को सुबह 11 बजे परिषद के सदस्यों द्वारा यज्ञशाला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

**20 जनवरी सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ:** आयोजन की अगली कड़ी भव्य एवं दिव्य 108 हनुमान चालीसा के पठन के रूप में यज्ञशाला में संध्या चार बजे भक्ति के भव्य अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत होगी। परिषद के वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारी उक्त सभी आयोजन में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील जनमानस से की गई है।

### दीपदान उत्सव मनाया और प्रसादी बांटी

22 जनवरी के भव्य एवं ऐतिहासिक दिवस जिसमें समूचा देश राममय नजर आयेगा, परिषद द्वारा भी इस घड़ी को अविस्मरणीय बनाने भव्य आयोजन की रूप रेखा रखी गई है। इसके तहत जहां प्राण प्रतिष्ठा की बेला में सुबह 10 से 12.30 बजे तक हरे रामा हरे रामा रामा रामा हरे महामंत्र का जाप किया जायेगा, वहीं संध्या रंगोली की मनोरम छटा के साथ दीपदान की भव्य छटा बिखरेगी। कार्यक्रम में समस्तजनों द्वारा यज्ञ स्थल में दीपदान कर अपने उमंग उल्लास एवं भक्ति की अभिव्यक्ति दी जाएगी। आयोजन का समापन प्रसादी वितरण के साथ होगा।

# स्वच्छता की अलख जगाने कलेक्टर उतरे सड़कों पर

**प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधि, मीडिया और गणमान्यजनों के साथ तुर्की तालाब एवं गार्डन में स्वच्छता अभियान चलाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में स्वच्छता की अलख जगाने कलेक्टर केएल चौहान प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधि, अधिकारी मीडिया और गणमान्यजनों के साथ नगर के हृदय स्थल तुर्की तालाब एवं गार्डन में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की।

कलेक्टर ने घंटे भर तुर्की तालाब और पूरे गार्डन की साफ सफाई करते हुए बाहरी परिसर सड़कों और वहां खड़े होने वाले खेलों का औचक निरीक्षण किया। स्वच्छता अभियान के तहत गार्डन के बाहर मुख्य मार्ग में खासकर शाम के समय घूमटी और ठेलों के चौपाटी नुमा बाजार लगने से ग्राहकों के सड़कों में वाहनों के खड़े होने पर आवागमन बाधित होने, कभी भी दुर्घटना के घटित होने जैसे विषयों पर नगर पालिका नियमों को उक्त विषयों को संज्ञान में लेकर तत्काल उसे व्यवस्थित करने की बात कही। स्वच्छता के साथ–साथ सारंगढ़ के जमीनों के नजूल सर्वे खसरा आवंटन, नगर के मध्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा सामान को बाहर रखने से बाधित आवागमन जैसी समस्याओं को सुनते हुए प्रशासनिक अधिकारियों और नगर पालिका सीएमओ को तत्काल पहल करने निर्देशित किया।



### स्वच्छता के लिए लोगों को किया जागरूक

स्वच्छता के मोटिवेशन पर जिला कलेक्टर ने उपस्थितजनों से औपचारिक चर्चा करते हुए कहा कि यह आपका और हमारा प्रथम दायित्व होना चाहिए कि हम अपने आसपास गली, मोहल्ले, वार्ड और गांव को पूरी तरीके से स्वच्छ रखें और कार्य कर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी या कचरा ना फैलाएं। स्वच्छता मानव जीवन के साथ अन्य प्राणियों और वातावरण के लिए भी बहुत खास है। हर शनिवार को विशेष स्थान और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाने की जो जिम्मेदारी आपने और हमने उठाई है उसे हर परिस्थिति में पूरा करना है। स्वच्छता का अलख जगाना है।

**इनकी रही विशेष उपस्थिति:** उक्त स्वच्छता अभियान में गर्ल्स स्कूल की एनएसएस एवं एनसीसी छात्राओं, एनसीसी शिक्षक अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। उक्त अभियान को सफल बनाने में निष्ठा पांडे अपर कलेक्टर, वासु जैन पें एसडीएम, प्रकाश भारद्वाज संयुक्त कलेक्टर, हरिशंकर चौहान जिला पंचायत नोडल अधिकारी, टीआर महेश्वरी डिप्टी कलेक्टर, नेत्रप्रभा सिदार तहसीलदार, चित्रकांत ध्रुव जिला खाद्य अधिकारी, सूर्यकांत शुक्ला नागरिक आपूर्ति, राजेश पांडे सीएमओ, देव यादव जनसंपर्क अधिकारी, उत्तम कवर उपयंत्री, अजय बंजारे नपा वि प्रति, रामनाथ सिदार नपा उपाध्यक्ष, सूरज तिवारी, शुभम बाजपाई पार्षद, मयूरेश केसरवानी पार्षद, मनोज जायसवाल मंडल बीजेपी अध्यक्ष, रविंद्र नंदे, दामोदर देवांगन, पत्रकार भरत अग्रवाल, राजेश यादव, गोल्डी नायक, कर्मचारीगण मोहन मरावी, प्रीतम देवांगन, रोशन यादव, गोविंद साहू, आलोक मिश्रा, रविंद्र नामदेव के साथ स्वच्छता दीदी व सफाई कर्मचारी आदि गणमान्य जन शामिल रहे।

# खान-पान और व्यायाम के प्रति सतत सावधानी बरतें पेंशनर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ संघ ने मनाया पेंशनर नववर्ष मिलन समारोह

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में नववर्ष मिलन कार्यक्रम रखा गया। इसमें अतिथि वरिष्ठ पेंशनर उमराव सिंह रात्रे, जामवंत वर्मा जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार, जेपी धुरंधर सचिव बलौदा बाजार, पुनीतराम सेन एवं रघुवर प्रसाद वर्मा उपस्थित थे। अतिथियों के स्वागतोपरांत संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने स्वागत भाषण की शुरुआत नव वर्ष पर आधारित अपने सु मधुर गीत -फिर एक नया साल नई खुशियां लेकर आया है-से की। उन्होंने संघ के आय व्यय एवं नवीन कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। नव वर्ष के उपलक्ष में गिरधारी लाल वर्मा, जेपी धुरंधर भूषण बंजारे, आरके वर्मा, रामकृष्ण साहू, जामवंत वर्मा, आरपी पटेल, अशोक महिलांग एवं मोहनलाल वर्मा ने गीतों एवं विचारों के माध्यम से अपने भाव प्रकट किया। अधिकांश वक्ताओं ने सभी पेंशनरों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए सचेत किया। खान-पान एवं व्यवहार में संयम रखना, व्यायाम के साथ सतत क्रियाशील रहने का आग्रह किया। आभार प्रदर्शन संघ के उपाध्यक्ष आर के वर्मा ने किया। इस अवसर पर दिलीप सिंह बिसेन, कृष्ण कुमार वर्मा, परेटन लाल साहू, प्रकाश जाधव, रमेश कुमार वर्मा, कमल नारायण यदु, विष्णु प्रसाद साहू, रामूलाल यादव, सरोज लता अग्रवाल, सुमन गुप्ता, विमला चौरिया, मंटोरा यदु, आसावान मैडम, गणपत लाल वर्मा, महिपाल जी, श्रवण कुमार अग्रवाल, मनीराम साहू, शिव प्रसाद मंगलम आदि के साथ बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे। अंत में दिवंगत पेंशनरों को 1 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हसदेव अरण्य को उजाड़ने के काम पर तुरंत रोक लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

देश में न कोयले की कमी है और न ही इनकी खदानों की, परंतु केंद्र की भाजपा सरकार एक लंबे समय से इसका कृत्रिम अभाव पैदा कर आम-नागरिकों को छलने के काम में लगी हुई है। जिसका परिणाम रेल्वे प्रशासन के रवैये से हमेशा साफ झलकते हुये दिखता है। उदाहरणार्थ यात्री चाहे वे एक्सप्रेस, मेल या सुपर फास्ट ट्रेनों को रोककर कोयले से लदी या इस कार्य में लगी मालगाड़ियों को निकालने में रेल्वे प्रशासन सदैव सक्रिय दिखता है। भले ही इसके कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता हो, इससे उनका कोई लेना-देना नहीं रहता। बहरहाल, इसी कोयले के कारण आजकल छत्तीसगढ़ के पेण्ड्रामार व हसदेव के जंगलों के पेड़ों की कटाई का मामला सुर्खियों में है। वहां के वनवासी आक्रोशित होकर कई दिनों से आंदोलनरत है।



भाटापारा के विधायक इन्द्र साव ने इस संदर्भ में बात करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के सरगुजा अंचल के अंतर्गत हसदेव जंगल के घाटबर्रा कोल परियोजना के अंतर्गत लगभग 91 हेक्टेयर जमीन पर लगे पेड़ों के जंगल की कटाई शासन द्वारा करवाई जा रही है, जो 500 जवानों (पुलिसकर्मी) की सुरक्षा में कोल कंपनी के अधिकारियों की मौजुदगी में वनवासियों की नाराजगी व आंदलोन के बावजूद बदस्तूर जारी है। इसके लिए वन विभाग व शासन ने अनुमति भी दे दी है। देश का कोई भी आम नागरिक जिसके कार्य में बाधा डालने वाले एक-दो पेड़ों को काटने के लिए संबंधित विभागों की अनुमति लेने के लिए वर्षों चक्कर लगाना पड़ता है।

### हसदेव अरण्य छत्तीसगढ़ की प्राचीन धरोहर

हसदेव अरण्य छत्तीसगढ़ की प्राचीन विरासत व धरोहर है। जहां एक ओर इससे आदिवासी समाज का जीवन जुड़ा है। इससे वनवासियों के घर के साथ-साथ उनके देवी-देवता, पूजन स्थल व प्राचीन संस्कृति को भी नष्ट किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इससे पर्यावरण को भी नुकसान होने के साथ जंगल में निवास करने वाले बड़ी मात्रा में जीव-जन्तु व पशु-पक्षियों के जीवन पर भी खतरा मंडराने लगा है।

# संकुल स्तर पर हुआ अंगना मा शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

खरोरा। तिल्दा ब्लॉक में संकुल स्तरीय अंगना मा शिक्षा प्रशिक्षण समस्त संकुलों में संपन कराया गया। इस दौरान हर संकुल में क्या-क्या गतिविधियां माह वार पालक–बालक के साथ मिलकर करानी है इस पर गतिविधियां कर के दिखाया गया। सभी संकुलों में इसका आयोजन हुआ। तिल्दा ब्लॉक के



सासहोली संकुल का प्रशिक्षण तिल्दा बस्ती के स्कूल में आयोजित हुआ। वहां मास्टर ट्रेनर मोनिका नायक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 50 माताएं भी सम्मिलित हुई, जिससे प्रशिक्षण काफी प्रभावपूर्ण रहा। इस कार्य के लिए राज्य कार्यालय से आए विशेष अतिथि श्रवण पांडेय भी काफी प्रभावित हुए। तिल्दा ब्लॉक के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक संतोष शर्मा व ब्लॉक की अंगना मा शिक्षा की नोडल रश्मि किरण नायक ने मोनिका जी और उनके स्टाफ को इस कार्य के लिए बधाई दी।

# तेंदूभाटा में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेंदूभाटा में गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने कहा गुरु घासीदास ने सामाजिक आर्थिक, शोषण तथा जातिवाद, सामंतवादी विचारधारा के शोषण, ल्म के खिलाफ आवाज बुलंद कर मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। इस अवसर पर लीलूराम यदु, हेमराम यदु, रामप्रसाद यदू, पोषण निषाद, फिरोतन ध्रुव, झंडीराम निषाद, बिहारी निषाद, रामकरण निषाद, भागीरथी निषाद, देवानंद निषाद, शिवदयाल निषाद, अश्वनी निषाद, तिहारु निषाद, मोहन गायकवाड़, जगमोहन मार्कण्डेय, भुवन सिंह ठाकुर, केदार मिश्रा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पुलिस एवं प्रशासन की टीम ने बस मालिक एवं ऑटो संघ की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ भाटापारा शहर में समुचित यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के उपायों पर की गई चर्चा

थाना भाटापारा शहर में आरटीओ प्रभारी अधिकारी भूपेंद्र गावडे, एसडीम भाटापारा नितिन तिवारी, त ह सी ल दा र फेकन टोन्डरे, थाना प्रभारी भाटापारा शहर योगिता खापर्डे, यातायात भाटापारा निरीक्षक प्रवीण मिंज की उपस्थिति में भाटापारा ऑटो संघ के पदाधिकारियों एवं बस मालिकों की बैठक ली गई।



बैठक में उपस्थित सभी वाहन मालिकों को यातायात के समस्त नियमों का सदैव पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में ऑटो, बस एवं अन्य सवारी वाहनों को व्यवस्थित तरीके से रखने हेतु समझाइस दी गई तथा अपने-अपने समय पर गाड़ियों को पार्किंग में लगाने हेतु बताया गया। बैठक में आपस में एक दूसरे को तथा आमजनों, यात्रियों का ध्यान रखते हुए सावधानी पूर्वक वाहन चलाने बताया गया।

# बिनौरी में निकाली अक्षत कलश यात्रा



**पलारी।** ग्राम बिनौरी में श्रीराम मंदिर अयोध्या से आए पूजीत अक्षत कलश की ग्राम पंचायत बिनौरी में शोभायात्रा निकाली गईं। इस दौरान श्रद्धालु हर्षोल्लास के साथ प्रभु श्रीराम का मंगल गान करते गली भ्रमण किए। वहीं 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम के विराजमान के दौरान आयोजित प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने घर-घर पहुंच कर निमंत्रण पत्र दिए। इस मौके पर सनकुमार साहू, सालिक राम, पुनीत राम वर्मा, रामकुमार साहू, हेमंत ठाकुर, मिलाऊ वर्मा, संतोष साहू, जंतराम साहू, बिना साहू, कुमारी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बलौदाबाजार
जिला के अंतर्गत **भैंसा, सेल, बलौदा (हसवा), खान** में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468, 9098595071

# प्रगति के लिए छात्र सदैव विवेकानंद के आदर्शों को अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ हायर सेकंडरी स्कूल में विवेकानंद जयंती पर हुई काव्य गोष्ठी

स्वामी विवेकानंद जयंती पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा में सरस काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलदेव भारती वरिष्ठ साहित्यकार, अध्यक्षता झुमुक लाल शुक्ला से.नि.प्र.पाठक एवं विशेष अतिथि नरेंद्र वर्मा वरिष्ठ साहित्यकार भाटापारा थे। इस अवसर साहित्यकारों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर विशेष प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को विवेकानंदजी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।




मुख्य अतिथि द्वारा विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना की गई। विद्यालय की छात्रा डॉगेश्वरी साहू, पूजा यदु ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत उमा साहू, नीलम यादव ने प्रस्तुत किया। तदुपरांत साहित्यकारों ने विवेकानंद के विचारों से ओत प्रोत काव्य पाठ कर बच्चों को विवेकानंद के रास्ते पर चलने का संदेश दिया। उपस्थित साहित्यकार चंद्रकिरण शर्मा, कन्हैयालाल श्रीवास, कन्हैया साहू 'अमित', अजय 'अमृतांशु', निकुंज शुक्ला और गोपाल शुक्ला ने काव्य पाठ किया। प्राचार्य सुधांशु मिश्रा ने साहित्यकारों को स्मृति चिन्ह भेंट उनका सम्मान किया। प्रारंभिक संचालन गिरेंद्र बंजारे ने एवं काव्य गोष्ठी का संचालन अजय 'अमृतांशु' ने किया। विद्यालय के व्याख्याता गजानन सेलोटे ने आभार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के प्रवीण शर्मा, चंद्राजीत कुर्रे, बृजेश तिवारी, मधु मिथुन, जलज वर्मा, संध्या वर्मा, तनु वर्मा, योगमाया यदु, प्रियंका मिश्रा, कावेरी कोशले सहित विद्यार्थियों में भारती साहू, दीपिका, पायल चक्रधारी, अनु साहू, पूजा यदु, हिना सतनामी, प्रियंका सेन, कमलेश्वर ध्रुव, भूपेंद्र यदु आदि का सहयोग रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411